# गुप्ता ने निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड का कार्य देखा



जोधपुर में जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता ने निर्माणाधीन बस स्टैंड का अवलोकन किया।

**जोधपुर,** (कासं)। जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता ने रविवार को निर्माणाधीन बस स्टैंड का अवलोकन किया व कार्य समयबद्धता व गुणवता के साथ पूर्ण करने के आर एस आर डी सी के अभियंताओं को निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने पावटा बस स्टेण्ड के चल रहे कार्य का अवलोकन किया। आर एस आर डी सी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीपक भाटी ने जिला कलैक्टर को बताया कि इस बस स्टेण्ड के आधुनिक बस स्टेंड का कार्य तीन ब्लॉक में होगा। उन्होंने बताया कि 38 करोड की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा। पहले ब्लाक में छत, दूसरे ब्लॉक में फूटिंग लग रही व तीसरे ब्लाक का कार्य बाद में शुरू होगा।

## सब्जी मण्डी की भूमि शीघ्र खाली सौंपने के निर्देश

जिला कलैक्टर ने सचिव फल सब्जी मण्डी डॉ.० झब्बर सिंह को पावटा सब्जी मण्डी की भूमि खाली करके शीघ्र सौंपने के निर्देश दिए। इसी भूमि पर बस स्टेण्ड का तीसरा ब्लाक बनेगा।

जिला कलैक्टर ने भदवासिया रोडवेज वर्कशॉप खाली करके कृषि विपणन बोर्ड को सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्कशॉप प्रबंधक बी आर बेडा को इस संबंध में समय पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप खाली होने पर फल सब्जी मण्डी पावटा से यहां पूरी तरह शिफ्ट हो सकेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय राजेन्द्र कुमार डांगा भी उपस्थित थे।

## वैष्णव ब्राह्मण चतु:सम्प्रदाय सेवा संस्थान की बैठक हुई

**सांचौर,** (निसं)। वैष्णव ब्राह्मण चतु: सम्प्रदाय सेवा संस्थान सांचोर की बैठक रविवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर उदाराम वैष्णव के आतिथ्य में संपन्न हुई।

बैठक में ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट अशोक कुमार वैष्णव ने आगंतुक महानुभावों का स्वागत एवं गत बैठक में लिए गए प्रस्तावों का अनुमोदन करवाया। बैठक में आगामी 5 व 6 मार्च को सांचोर, चितलवाना तहसील स्तरीय स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से तय किया गया की 5 मार्च को सायं सुंदरकांड का पाठ, दीप यज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन रखा जाएगा। 6 मार्च को प्रात:आचार्य पूजन, सामाजिक परिचय, संतो महंतों के आशीर्वचन तथा विद्वानों द्वारा समाज के रचनात्मक विकास के संबंध में वार्ताए रखी जाएगी ।समारोह में सत्र 2020-21 में उत्तीर्ण आठवीं ,दसवीं बारहवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिन युवक-युवतियों ने पिछले वर्ष किसी भी प्रकार की स्नातक अनुस्नातक या कोई भी प्रोफेशनल डिग्री को प्राप्त किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया की समाज के सरकारी कर्मचारियो,विशेष प्रतिभाओं एवं जनप्रतिनिधियों का भी बहुमान किया जाये। सभी समाज बंधुओं से आव्हान किया गया कि इस समारोह के आयोजन हेतु चढावे की बोलियों में भाग लें व आर्थिक सहयोग प्रदान करें। आयोजन के लिए समितियां बनाई।

बैठक में डॉ विष्णु दास वैष्णव, डॉ घनश्याम वैष्णव, गणपत दास वैष्णव ,राधेश्याम ए वैष्णव, कृष्ण दास केरिया, नरपत दास केरिया, करसनदास जानवी, मफतलाल हाडेचा, अशोक कुमार सिलोसन, बंशीदास धमाणा सहित बंधुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# सांसद देवजी पटेल ने केंद्रीय बजट पर चर्चा की




जालोर में सांसद देवजी एम पटेल ने सांसद सेवा केन्द्र में प्रेसवार्ता की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर-सिरोही सांसद देवजी एम पटेल रविवार को जिला मुख्यालय स्थित सांसद सेवा केन्द्र में प्रेसवार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की तरफ किये जा रहे प्रयासों को लेकर योजनाओं और मूलभूत आवश्यकताओं के क्षेत्र में इस बार बजट में हर वर्ग एवं क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है। इस बजट से विकास में नये आयाम स्थापित होंगे।

उन्होने बताया कि बजट में इस वर्ष भारत की विकास दर 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। सांसद देवजी एम पटेल ने वर्ष 2०22-23 के बजट पर अपनी प्रतिक्रया देते हुए कहा की केन्द्र सरकार ने इस वर्ष आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृत महोत्सव के तहत आगामी 25 वर्षो की योजना को लेकर बजट बनाया हैं जिससे आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्णिम भारत का सृजन होगा। इस बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, किसानों, देश के आवागमन के साधनों, युवाओं, देश के आधारभूत अवसरंचना, रोजगार के लिए भी विशेष ध्यान दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक करीब 9 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचने लगा है। इसमें से करीब 5 करोड़ से ज्यादा पानी के कनेक्शन जल जीवन मिशन के तहत पिछले 2 वर्षो में दिए गए हैं। बजट में घोषणा की गई है कि इस साल करीब 4 करोड़ ग्रामीण घरों को पानी का कनेक्शन दिया जाएगा।

उन्होने बताया कि बजट में घोषणा की है कि वर्ष 2022-23 में अस्सी लाख मकान बनाए जायेगें, इसके लिए 48,000 करोड़ रूपये का आवंटन बजट में किया गया है। सरकार दश के सभी परिवारों को आवास देने के लिए काम कर रही है। इससे राजस्थान के जालोर सिरोही जिलों में आवास से वंचित लोगों को पीएम आवास मिलेगा। सांसद पटेल ने बताया कि किसान पर बोझ न पड़े। इसलिए सरकार ने इस बड़ी हुई कीमत को वहन किया। इस बजट में सब्सिडी को 79 हजार करोड़ से बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये किया गया है। बीते बजट में सरकार किसान रेल और किसान उडान की सुविधा सुनिश्चित की, अब किसान ड्रोन किसान का नया साथी बनने वाला है।

इस अवसर पर जालौर विधायक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जालोर नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास, जिला महामंत्री हरीश राणावत, सिरोही जिला उपाध्यक्ष कालूराम चौधरी, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, आईटी जिला सयोजक चंद्रकांत माली, परमानन्द भट्ट, पार्षद महेश भट्ट, नगर महामंत्री रतन सुथार, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट, नारायण भट्ट, परमवीर सिंह व पत्रकार बन्धु सहित कई जने उपस्थित थे।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने शनिवार को पाली में मीडिया से मुखातिब हुए आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अर्थव्यवस्था में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य किया जाएगा। जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास योजना, घर-घर नल से 3.8 करोड़ घरों में 60000 करोड़ से पेयजल आपूर्ति योजना, रोजगार, बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए आंगनबाड़ियों की योजनाओं के साथ ही साथ डिजिटल भारत के अंतर्गत डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना आदि की जानकारी दी।

# जस्टिस व्यास ने पुलिस थानों का निरीक्षण किया




राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने पीपाड शहर, मेडता सिटी व पुष्कर के पुलिस थानों का निरीक्षण किया।

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास ने शनिवार को पीपाड शहर ,मेडता सिटी व पुष्कर के पुलिस थानों का निरीक्षण किया व वहां की व्यवस्थाएं देखी।

जस्टिस व्यास ने पुलिस थानों में पुरुष व महिला बंदी ग्रह का निरीक्षण किया एवं थानों के रोजनामचा, शस्त्रागार व भोजनालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना अधिकारियों से वर्ष भर में दर्ज एफआईआर व कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने थानों की नफरी बारे में भी पूछा। जस्टिस व्यास ने मेडता सिटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने नि:शुल्क दवाओं के संबंध में भी चिकित्सकों व मरीजों से चर्चा की।

## लापता नाबालिग लड़की का शव कुएं से निकाला

**आहोर,** (नि.सं.) । बादनवाडी मेले से लापता हुई नाबालिग लड़की का शव आज मीठडी गांव के एक कुएं से बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार कल बादनवाडी गांव मे आयोजित लोक देवता बाबा रामदेव के मेले से एक नाबालिग लड़की लापता हो गई थी । परिजनो ने गायब नाबालिग की गुमशुदगी रिपोर्ट नोसरा थाने मे दर्ज करवाई गई । पुलिस ने टीमे गठित कर नाबालिग की तलाश शुरू की । तलाशी के दौरान पुलिस ने मीठडी गांव मे एक कुएं से नाबालिग का शव बरामद किया। सूचना पर डीएसपी हिम्मत चारण भी मौके पर पहुंचे ।

काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया।

नोसरा थानाधिकारी शिवराजसिंह के अनुसार नाबालिग के सिर मे चोट के निशान मिले है । संभवतया नाबालिग की हत्या कर शव कुएं मे डाला गया है। पुलिस नाबालिग के मामा को दस्तयाब कर पूछताछ कर रही है ।

शव को आहोर अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया है, जिसका कल सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा । पोस्टमार्टम के बाद ही मामले की सही तस्वीर सामने आएगी।

# राजपुरोहित का स्वागत किया




जोधपुर में राजस्थान गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुमेरसिंह राजपुरोहित का स्वागत हुआ।

**जोधपुर,**(कासं) । राजस्थान गौ सेवा आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुमेरसिंह राजपुरोहित का रविवार को जयपुर से जोधपुर पहुंचे। आते समय पाली, जोधपुर व बाड़मेर जिलों में 24 से अधिक स्थानों पर विभिन्न संगठनों, समाजों व जनप्रतिनिधियों ने साफा व मालाएं पहनाकर जगह जगह गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

राजपुरोहित का पाली जिले में जैतारण में ब्लाक अध्यक्ष बाबूसिंह व प्रदीप राठौड़ खिनावड़ा में अनेक लोगों ने, गरानिया में पूर्व सरपंच भागीरथ सिंह गरनिया व ग्रामीणों ने साफा व मालाएं पहनाकरक अपणायत के साथ स्वागत किया। बिलाड़ा में नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका व लाम्बा में बाबुलाल विश्नोई व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जोधपुर में झालामण्ड गांव में लूणी प्रधान वाटिका राजपुरोहित व ब्लाक अध्यक्ष हनुमानसिंह राजपुरोहित, कुड़ी हाउसिंग बोर्ड में गोपालसिंह, जेठूसिंह, बिशनसिंह, देवीसिंसह खाराबेरा ने स्वागत किया। डीपीएस सर्कल पर राजपुरोहित का ढोल थाली के साथ स्वागत हुआ। सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खुशालसिंह, डा. सोहन सिंह राजपुरोहित, विक्रम सिंह इंदा प्रधान बालेसर ने साफा व मालाओं से स्वागत किया। राजपुरोहित का रोहिट प्रधान सुनीता राजपुरोहित, महावीर सिंह सुकरलाई, नारनाडी में पप्पूसिंह, राजूसिंह, मोहनसिंह, गणपतसिंह, डोली में कानसिंह, मूलसिंह, सरवडी सरपंच महेन्द्रसिंह, अराबा सरपंच गुमानसिंह, बहादुर सिंह राजपुरोहित , नरपत सिह गजगुरू , ने साफा व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## संत निर्मलदास का लिया आर्शीवाद

राजपुरोहित ने निर्मल कुटीर बालोतरा में महामंडलेश्वर संत निर्मलदास जी से आशीर्वाद लिया।

राजपुरोहित ने ब्रह्मधाम आसोतरा में तुलसाराम महाराज से आशीर्वाद लिया। वहां मोहनसिंह चावड़ा, गिरधारी सिंह व रामलाल ने दुपटा ओढाकर स्वागत किया व खेताराम महाराज की तस्वीर भेंट की।

## आजीवन सहयोग निधि व सक्रिय बूथ समिति पर चर्चा की

**जालोर,** (कासं)। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम व सक्रिय बूथ समिति निर्माण कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को भाजपा नगर मंडल जालोर की बैठक आयोजित हुई।

नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने बताया कि बैठक में कही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। भाजपा जिला संगठन द्वारा महेंद्र मुणोत को स्थायी संयोजक नियुक्त करने पर सभी ने स्वागत कर बधाई दी। बैठक जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग व नगर परिषद सभापति गोविंद टाक के मुख्य आतिथ्य में की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के नाते जिला महामंत्री हरीश राणावत, जिला कोषाध्यक्ष व मंडल स्थायी संयोजक महेंद्र मुणोत उपस्थित थे। विधायक जोगेश्वर गर्ग ने संगठन की गतिविधियों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को बताया। गर्ग ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ताओ के सहयोग से चलती है इसमें हम सभी कार्यकर्ताओं का अंश दान रहता है। पार्टी द्वारा चलाये जा रहे आजीवन सहयोग निधि कार्य म में हम सब बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाए।पार्टी की मजबूती के लिए आम कार्यकर्ता का धन लगना जरूरी है। नगर परिषद सभापति गोविंद टॉक ने कहा कि भाजपा में सभी कार्यकर्ता एक परिवार के सदस्य की तरह कार्य करते हैं। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान कोई उत्सव से कम नहीं होता है हम सब भी अभियान को उत्सव की तरह मनाये। नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सक्रिय बूथ समिति निर्माण व आजीवन सहयोग निधि मैं अपनी पूर्ण सहभागिता निभाएंगे। जिला महामंत्री हरीश राणावत ने सभी से अभियान में सहभागिता निभाने की बात कही। बैठक का संचालन नगर महामंत्री व पार्षद दिनेश महावर ने किया।

बैठक में जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दिलीप भट्ट, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मंगलाराम साँखला, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर, रवि सोलंकी, संजय बोराणा, चतराराम गहलोत, घनश्याम सुंदेशा, राजकुमार चौहान सहित कई जने उपस्थित थे।

# फालना में अधिवक्ता भंडारी का स्वागत किया

**फालना,** (निसं)। फालना उद्योग मंडल की ओर से रविवार को मंडल के कानूनी सलाहकार इन्दरराज भण्डारी वरिष्ठ अधिवक्ता का मंडल में कानूनी सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं देने पर माला व साफा पहना कर उनका सम्मान किया गया।

मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विमल जैन, पूर्व शिक्षा अधिकारी सुलेमान टांक, डॉ सुरेश अग्रवाल, शांतिलाल सुराणा, मो युसुफ ने संबोधित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बहादुरसिंह खालसा, संचालक रामकिशोर गोयल, हेमन्त राणावत, शान्तिलाल कंसारा, नरेन्द्र सुथार ने श्रीमान् इन्दरराजजी भण्डारी को अभिनन्दन पत्र भेंट किया। उद्योगपति देवेन्द्र चौपडा, बस्तीमल मेहता, नरेन्द्र राणावत,उमेश शर्मा, सहित बडी संख्या मे उद्योगपति उपस्थित थे।

# बीजू बकरों का वितरण

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। पशुपालन विभाग सिरोही की ओर से माडा योजना के तहत पिंडवाडा तहसील के नितोडा भावरी नवी जमीन सहित गांवों के 30 पशुपालकों का चयन करके बकरों का नि:शुल्क वितरण किया।

रविवार सुबह 11 बजे राजकीय पशु चिकित्सालय पिंडवाडा के प्रांगण में संयुक्त निदेशक सिरोही डॉ. जगदीश प्रसाद बरबड, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ परमानंद टेभूरकर, डॉ संजीव भोसले की मौजूदगी में पशुपालकों को पशुपालन विभाग द्वारा माडा योजना अंतर्गत तहसील पिंडवाडा के मांडा क्षेत्र के गांव के पशुपालकों को नि:शुल्क उन्नत सिरोही नस्ल के बीजू बकरों का वितरण किया गया। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर संयुक्त निदेशक द्वारा समस्त कार्मिकों को कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों की आपूर्ति करने के साथ साथ समस्त विभागीय योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। जिससे विभागीय योजनाओं से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया जा सके।

# खुहड़ी के रेतीले धोरों पर सांस्कृतिक उत्सव सजा




मरू महोत्सव की सांस्कृतिक सांझ में ख्यातनाम लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। फोटो-राष्ट्रदूत



कलाकारों ने कबीर की वाणी को लोक वाद्यों की संगत के साथ पेश किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमर,** (नि.सं.)। मरु महोत्सव के अन्तर्गत रविवार रात खुहड़ी के रेतीले धोरों पर सजा सांस्कृतिक उत्सव खूब जमा। सैलानियों ने रेतीले धोरों पर भ्रमण करते हुए मखमली रेत के स्पर्श के साथ ही ऊँट गाड़ियों से रेत पर सफर की सफारी का लुत्फ उठाया।

इन सैलानियों के लिए रविवार की सांझ का मनमोहक दृश्य यादगार छाप छोड़ गया। जब एक ओर रेतीले धोरों के शिखर से सन सेट के मनमोहक नजारे का आनंद लिया। वहीं सूरज के ढलने के बाद चाँदनी रात तले मीलों तक पसरे रेत के समन्दर में बही सांस्कृतिक सरिताओं में जमकर गोते लगाए।

खुहड़ी के रेतीले धोरों पर मुम्बई के कबीर कैफे द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति की गई एवं इन लोक कलाकारों ने ''मत कर माया का अहंकार'', ''मन लागों रे मेरों यार फकीरी में'', दो दिन की जिन्दगी है, दो दिन का मेला'' तथा ''घट-घट में पंछी बोलता है'' भजनों की शानदार प्रस्तुति कर पूरे वातावरण को कबीर वाणी से सरोबार कर दिया।

इस अवसर पर आयकर आयुक्त जोधपुर फतेह सिंह, जिला न्यायाधीश जयपुर ज्ञानप्रकाश, मैजर जनरल योगेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. टी. शुभमंगला, युआईटी सचिव सुनिता चौधरी, पंचायत समिति सम के प्रधान तनेसिंह सोढ़ा, पुलिस उप अधीक्षक प्रियंका कुमावत, पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, समाजसेवी विक्रम सिंह नाचना, हरीश धनदे, सहायक निदेशक (पर्यटन) कृष्ण कुमार, सैन्य अधिकारी, जिला रसद अधिकारी अश्विनी गुर्जर, क्षेत्रावासी एवं पर्यटक उपस्थित थे।

इंडी म्यूजिक - बैण्ड कबीर कैफे के संस्थापक एवं जाने-माने गायक नीरव आर्य एवं साथी कलाकारों ने कबीर की वाणी को लोक वाद्यों की संगत के साथ लय-ताल और तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा बनाते हुए ऊँचाइयां प्रदान की।

कबीर की जीवन और जगत के परम सत्य को पूरी बेबाकी से उद्घाटित करती वाणी के अद्भुत गायन ने आध्यात्मिक और नैतिक समन्दर में गोते लगाने को लालायित कर दिया।

सांस्कृतिक सांझ में गुणसार एण्ड पार्टी के ख्यातनाम लोक कलाकारों द्वारा ''केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश'' एवं गोरबन्ध राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति कर पूरे माहौल को मरु लोक संस्कृति से रूबरू कराया। दव के सूफी लोक कलाकार सकूर खां ने ''सवाली हूं न वाली हूं, इश्क में तेरे मर न जाऊँ'' गानों की शानदार प्रस्तुति की, वहीं निशी सिंह एण्ड पार्टी ने ब्रज भूमि के होली के अवसर पर गाने वाले फागुनी गीतों की बारिश कर पूरे माहौल को होली के रंग-रस में डूबो दिया। मेहमानों की ढोल-नगाड़ों के नादों और लोक वाद्यों की सुमधुर स्वर लहरियों से अगवानी और स्वागत किया गया। खुहडी के रेतीले धोरों के बीच बने आयोजन स्थल पर सजे-धजे ऊँटों और ऊँट गाड़ों से लाने का प्रबन्ध देखकर खुहडीवासियों की मेहमानवाजी ने सैलानियों को अभिभूत कर दिया।

## महालक्ष्मी मंदिर में प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**सांचौर,** (निसं)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज तहसील सांचोर द्वारा तीन दिवसीय महालक्ष्मी मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव श्रीमाली बगेची,हवाई पट्टी के पास सांचौर में शुरू हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा व शोभा यात्रा नगर में मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में सम्प्पन हुई। जिसमें माताजी की प्रतिमा, गणेश की प्रतिमा, हनुमान जी की प्रतिमा,हाथी, दिशा देव, शिखर शेर की प्रतिमाओं, रथ, के साथ माताजी की झांकिया, परशुराम की झांकिया, राम सीता की झांकिया, ट्रैक्टरों में शोभायमान हुई।

रविवार को प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व संध्या में महिलाओं द्वारा मेहंदी व शांझी का कार्यक्रम रखा गया।

श्रीमाली ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा आराध्या देवी महालक्ष्मी माँ का रात्रिजोगा का भजन संध्या कायक्रम रखा गया।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं सहित काफी बन्धुओ ने भाग लिया। जिसमे पंडित किशोर दवे, डॉ ललित द्विवेदी, दिनेश दवे, शम्भूप्रकाश शर्मा, दिलीप दवे, विष्णुदत्त शर्मा यजमान व आचार्य रहे। वही 14 फरवरी को प्रात: 11बजे माँ महालक्ष्मी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आरम्भ होगा।

## शिविर लगा

**जोधपुर,** (कासं)। कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने हनुवंत स्कूल शास्त्री नगर के प्रांगण में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कृत्रिम हाथ लगाने के शिविर का रविवार को अवलोकन किया।

रोटरी क्लब द्वारा आयोजित इस शिविर में जयपुर से आईआरसीआई की टीम के देखरेख में 125 कृत्रिम हाथ लगाए गए। हाथ लगने से लाभार्थी बडे खुश थे।

# महोत्सव की पूर्व संध्या पर लेजर शो होगा, युवाओं को सैन्य भर्ती की जानकारी मिलेगी

**जालोर**, (कासं)। जालोर महोत्सव 2022 की पूर्व संध्या पर 14 फरवरी रात्रि को लेजर शो एवं पेपर लालटेन शो मुख्य आकर्शक का केन्द्र रहेगे। वही 16 फरवरी को केरियर गाइडेन्स में युवाओं को सैन्य भर्ती की जानकारी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। महोत्सव में सीनियर सिटीजन के लिए म्यूजिकल चेयर व मनोरजंन प्रतियोगिता होगी। बॉडी बिल्डिंग में शरीर शैष्ठ का युवा प्रदर्शन करेंगे।

जालोर महोत्सव के समन्वयक हितेश प्रजापत ने बताया कि जालोर महोत्सव की तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वही युवाओं की टीम जालोर महोत्सव को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियों में जुटे हुए हैं। जालोर महोत्सव के आगाज की पूर्व संध्या पर 14 फरवरी को शाम 7.30 बजे जालोर की गौरवषाली गाथा से जिलेवासियों को रूबरू होने का मौका साउण्ड लेजर शो के माध्यम से होगा। लेजर शो समन्वयक दिव्य प्रकाश गोयल ने बताया कि लेजर शो के माध्यम से लोगो को जालोर के इतिहास से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। तथा जालोर में पहली बार लेजर शो का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की पूर्व संध्या पर दुर्ग की प्राचीर पर जालोर के इतिहास का सांउड एवं लेजर शो के माध्यम से टेलीकास्ट किया जायेगा।

लेजर शो के बाद दीप ज्योति का कार्यकम आयोजित होगा। दीप ज्योति के समन्वयक योगेश दवे, अब्दुल रजाक, ओमप्रकाश सुन्देशा व कालूराम ने बताया कि रात्रि करीब 8 बजे दीप ज्योति कार्यकम के तहत जालोर शहर के विभिन्न जगह से सैकडो की संख्या में पेपर लालटेन आसमान में रोशनी से जगमग नजर आयेगे। पेपर लालटेन शो व लेजर शो से महोत्सव का भव्य आगाज किया जायेगा।

जालोर महोत्सव में इस बार युवाओं में देश सेवा का जज्बा को देखते हुए केरियर गाइडेन्स में सैन्य भर्ती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। समन्वयक डॉ. पवन ओझा ने बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में 16 फरवरी को प्रात:11 बजे केरियर गाइर्डन्स का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक विकास समिति के कर्नल डॉ. देवआंनद गुर्जर द्वारा भारतीय सेना में केरियर के अवसर पर नेशनल केरियर काउंसलर डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली द्वारा मेडिकल, सरकारी एवं गैर सरकारी सेवा में केरियर के अवसर पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया द्वारा प्रशासनिक सेवा में केरियर के बारे में अपना उदबोधन देगे। डॉ. ओझा ने विद्यार्थियों से आव्हान किया है कि उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति अधिकाधिक देकर लाभान्वित हो सकते है। उक्त कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में जालोर के एनसीसी कैडैटस द्वारा सलामी में भाग लेने वाले कैडेटस भी भाग लेगें। भारतीय सेवा में केरियर के साथ एनडीए, सीडीए तथा वायु सेना का एक्स वाई समूह के साथ - साथ एसएसबी इंटरहव्यू में काउसलिंग करेगे। वही पॉवर पॉइट प्रेजेंटेशन के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन करेगें।

जालोर महोत्सव में सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत नृत्य, गायन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक मांगीलाल गुर्जर ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के आवेदन 14 फरवरी तक शाम 4 बजे तक राउप्रावि हनुमानशाला जालोर में कर सकते हैं। चित्रकला सीनियर में मेरा गांव मेरा अभिमान व चित्रकला जूनियर राष्ट्रीय प्रतीक पर चित्रकारी करनी होगी।

जालोर महोत्सव में इस बार सीनियर सिटीजन की भी भागीदारी दर्ज करवाने के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन स्टेडियम प्रांगण में किया जायेगा। वही मनोरजंन प्रतियोगिता समन्वयक ममता जीनगरर व उर्मिला दर्जी ने बताया कि मनोरंजन प्रतियोगिता के तहत स्टेडियम ग्राउण्ड में निम्बू, चम्मच, मटकी, बोरी दौड़ का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता लोगों का भरपूर मनोरंजन करेगी। वही बॉडी बिल्डिंग समन्वयक मोहजीद मलिक व नासिर हुसैन ने बताया कि नटराज मंच पर जालोर महोत्सव के तहत बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन 16 फरवरी को षाम 5.30 बजे किया जायेगा। जिसमें जिले के बॉडी बिल्डर भाग लेगे। वही राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में 15 फरवरी को शाम 6 बजे फ्लर्ट हास्य नाटक का आयोजन किया जायेगा। समन्वयक प्रमोद वैष्णव ने बताया कि फ्लर्ट नाटक श्रोताओं को हॅसने पर मजबूर कर देगे।



सायला में जालोर महोत्सव कार्यक्रम की विवरणिका का जालोर के पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल ने विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## 'जलसो सायला रो' विवरणिका का विमोचन

**सायला**, (निसं)। पंचायत समिति सभागार में रविवार को जालोर महोत्सव 2022 के तहत दो दिवसीय जलसों सायला रों की कार्यक्रम विवरणिका का उपखण्ड समन्वयक सवाईसिंह चंपावत, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल एवं थानाधिकारी ध्रुवप्रसाद की उपस्थिति में विमोचन किया गया।

इस मौके पर उपखण्ड समन्वयक चंपावत ने बताया कि महोत्सव के तहत जलसों सायला रों में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भोंपू द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम विवरणिका देकर महोत्सव में भाग लेने का न्यौता दिया जा रहा है।

महोत्सव के तहत मुख्य कार्यक्रम स्थल खेलमैदान में पांडाल, बैठक व्यवस्था, मंच आदि तैयारियां जोरो पर चल रही है। इस दौरान ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य जबरसिंह चौहान, सूरजपालसिंह सुराणा, महेन्द्रपालसिंह पोशाणा, मांगीलाल गर्ग, भंवरलाल लोहार समेत अधिकारी, कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सार-समाचार

### संत प्रतापपुरी ने दौरा किया

**पोकरण**, (निसं)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य व पोकरण भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत प्रतापपुरी ने रविवार को पोकरण विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा कर जनसंपर्क कर जनसमस्याएं सुनी। इस संबध में जानकारी देते हुए स्वरूपसिंह ताडाना ने बताया कि रविवार को भाजपा नेता ने क्षेत्र के नाचना, शेरू खां की ढाणी, खारिया, भारेवाला, बोढाना, व शक्तिनगर गांवो का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा नेता को पानी, बिजली, सडक, शिक्षा, रोजगार व स्वास्थ्य संबधी जन समस्याएं बताई। जिस पर महंत ने विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निराकरण करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया की ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के लिए बनी सड़के कई वर्षो से क्षतिग्रस्त हैं। जिसके कारण वाहनचालकों के साथ लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। महंत ने जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मिल समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि आज भी कई जगहों पर पीने के पानी की विकट समस्या बनी हुई हैं। पानी के अभाव में ग्रामीणों के साथ पशुधन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। जिला परिषद सदस्य उत्तमसिंह बोडाना, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्रराम भील, एससी मोर्चा के जिला महामंत्री रमेश कुमार गर्ग, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मौलवी हबीबुल्लाह चिन्नू, मंडल अध्यक्ष तुलछसिंह देवडा, सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं बोडाना सरपंच नरेंद्रसिंह तोमर, मदासर सरपंच मालाराम बिश्नोई, टावरीवाला सरपंच सांगसिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वरूपसिंह, कुंदनसिंह, गंगासिंह राजपुरोहित, शिवदानराम मेघवाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गुड़ामालानी में संघर्ष समिति की बैठक हुई

**गुड़ामालानी**, (निसं)। जिला बनाओ संघर्ष समिति गुड़ामालानी की बैठक रविवार को अहिंसा सर्किल स्थित कार्यालय में बैठक हुई।बैठक अध्यक्षता रिडमल राम चौधरी के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक का संचालन संयोजक मंडल के गुड़ामालानी जिला बनाओ संघर्ष समिति के चंद्र प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में पिछले दिनों एक जनसभा में वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी द्वारा गुड़ामालानी जिला बनाओ की मांग दिए बयान पर चर्चा की गई। संयोजक मंडल के चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि गुड़ामालानी जिला बनाने की मांग को स्थानीय विधायक व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार तक पहुंचाने में संघर्ष समिति सफल रही है । संघर्ष समिति सदस्यों ने अलग-अलग अभियानों के द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए हैं। जिसकी संयोजक मंडल में सराहना की। बैठक में प्रस्ताव लिया गया की हर महीने के अंतिम रविवार को गुडा मालानी जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि धनाऊ सेडवा चितलवाना सांचोर में गुडा मालानी जिला बनाओ का ज्ञापन स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी द्वारा सरकार को भेजा जाएगा।अन्य राजनीतिक दलों को साथ में लेकर समर्थन का ज्ञापन दिलाकर जिला बनाने की मुहिम को तेज किया जायेगी। बैठक में उपस्थित संयोजक मंडल के सभी सदस्यों को अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पदाधिकारियों का सम्मान किया

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित तुलसी फार्म हाउस पर कांग्रेस सेवादल विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस सेवादल विधानसभा अध्यक्ष खेराजराम परिहार के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष डालाराम प्रजापत,प्रदेश सचिव कांतिलाल सोनी,सेवादल प्रभारी नरसींगाराम का साफा व मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवादल जिला अध्यक्ष खेराजराम परिहार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को समझ कर कार्य करें । संगठन को मजबूत बनाने के साथ पद का मोह छोडकर कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने की बात कही । दलजगत प्रभारी गजेंद्र बोहरा ने कहा कि कोई भी पार्टी का कार्यकर्ता हो पर कभी कार्यकर्ता के आगे या पीछे पूर्व नहीं लगता है । कार्यक्रम में सेवादल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्य म को संबोधित कर अपने अपने विचार प्रकट किए । कार्यक्रम में दलजगत प्रभारी गजेन्द्र बोहरा, उपाध्यक्ष सोनाराम, सुरताराम मेघवाल, सवाईसिंह सांखला, खेताराम, ब्लॉक अध्यक्ष कानाराम, जिला परिषद सदस्य देरामाराम मेघवाल, खारिया खुर्द सरपंच राऊराम मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि केशरराम,नानगाराम सियाग सहित कई जने उपस्थित रहे।

### आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय, जालोर की ओर से रविवार को स्काउट गाइड को आपदा प्रबन्धन और गैस चूल्हे के रख रखाव सावधानियो की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सी.ओ.स्काउट एम.आर.वर्मा ने कहा की आपदा, दूर्घटना, महामारी, भूकम्प आदि अक्षमात कई भी कभी भी आ सकती है। जिसके आने की पूर्व जानकारी नही होती है। और इसमे जानमाल की बहुत हानि होती है। भूकम्प या बाढ़ आने पर स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को सदैव तैयार रहना चाहिए और जहॉ गायल व्यक्तियों को मदद की आवश्यकता है। उनकी हर सम्भव अस्पताल पहुचाने में मद्द करनी चाहिए। उन्होने इस अवसर पर उपस्थित स्काउट गाइड को रोवर रेंजर को डेमो के माध्यम से किस प्रकार बाढ़ में डूबते हुए व्यक्ति को बाहर निकालना, भूकम्प आने पर घायल व्यक्ति को किस प्रकार सहायता पहुंचाना डेमो के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया। और अंम्बिका प्रसाद तिवारी एन.सी.सी.अधिकारी ने गैस चूल्हे के रख रखाव व दूर्घटना होने से पूर्व रसोई मे किन बातों की जानकारी रखी जाये इनकी उपस्थित स्काउट गाइड को जानकारी दी। इस अवसर पर बखेड़ूराम, छगनलाल खटीक, राजसिंह, श्रवण कुमार, भीखाराम परमार आदि आपदा प्रबन्धन सहयोग प्रदान किया।

### आसाणा में भजन संध्या हुई

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती आसाणा में शनिवार को राणी भटियाणी माजीसा एवं सवाईसिंह महाराज की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या का आगाज राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक छोटूसिंह रावणा ने गणपति वंदना एवं गुरू वंदना के साथ किया। इसके बाद आसाणा नगरी में माजीसा रो देवरों..., पधारों म्हारी माजीसा..., माजीसा घूमर खेलों तो राणो ढ़ोल बजावें..., राम सियाराम जय जय राम..., लंका में डंका बजवा दिया बजरंग बाला ने... सरीखे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। वही भजन संध्या में नृत्य कलाकारों ने देवी देवताओं के स्वांग रचकर भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान बडी संख्या मे श्रोता मौजूद थे। महोत्सव के तहत 14 फरवरी सोमवार को षुभ मुहूर्त में माता राणी भटियाणी माजीसा एवं सवाईसिंह महाराज की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिश्ठा होगी। इस मौके फले चुन्दडी का आयोजन होंगा। जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालु भाग लेंगे।

### कैवायमाता मंदिर में ध्वजारोहण आज

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड क्षेत्र के गढ बावतरा स्थित दहिया राजवंश की कुल देवी कैवायमाता मन्दिर का ग्यारवां वार्षिकोत्सव सोमवार को धूम-धाम से मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष उकसिंह दहिया ने बताया कि वार्षिक समारोह को लेकर सोमवार को शुभ मुहूर्त में लाभार्थी परिवार द्वारा साधु-संतों के सान्निध्य में मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर साधु संतों के सान्निध्य में धर्मसभा एवं महाप्रसादी का भी आयोजन होगा। महोत्सव मे राजस्थान , गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु सहित कई राज्यों से प्रवासी समाजबंधु भाग लेंगे।

# रोटरी क्लब की प्रेरणा से लिया देहदान का संकल्प



जालोर में रोटरी क्लब की प्रेरणा से पुष्पा जैन ने देहदान का संकल्प पत्र भरा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। रोटरी क्लब जालोर की प्रेरणा से देहदान प्रोजेक्ट के अंतर्गत रविवार को जालोर निवासी पुष्पा पत्नी जुगराज जैन ने मृत्यु उपरांत अपनी देह दान करने का संकल्प लेते हुए देहदान संबंधित स्वैच्छिक संकल्प पत्र रोटरी क्लब के पदाधिकारियों को सुपुर्द किया।

रोटरी क्लब जालोर के पूर्व अध्यक्ष एवं देहदान प्रोजेक्ट के चेयरमैन महेंद्र मुणोत ने बताया कि रोटरी क्लब को जालोर निवासी पुष्पा पत्नी जुगराज जैन ने रविवार को स्वेच्छा से शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपने परिवार के सदस्यो की सहमति से मृत्यु उपरांत देहदान की सहमति दी एवं इस संबंध में संबंधित समस्त कार्रवाई व फॉर्म इत्यादि तैयार किए गए। संकल्प पत्र सुपुर्दगी के समय पुष्पा जैन कि पुत्रिया कोमल पारख एवं वीणा मेहता भी मौजूद थीं। मुणोत ने बताया कि शहर के लोगो मे देहदान को लेकर जागरूकता बढ रही हैं एवं कई और भी नागरिक देहदान हेतु अपनी सहमति देने के लिए आगे आ रहे है।

क्लब के अध्यक्ष तरुण सिद्धावत ने बताया कि रोटरी क्लब को ये छठा देहदान का संकल्प पत्र प्राप्त हुआ है, इससे पूर्व भी पांच नागरिकों ने रोटरी क्लब की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया था। जिसमें से दो की मृत्यु हो जाने से उनके देह को मेडीकल कॉलेज एवं एम्स जोधपुर को भिजवाई गई थी। देहदान में संकल्प कर्ता की मृत्यु उपरांत उनकी देह को मेडिकल स्टूडेंट्स के परीक्षण एवं शरीर विज्ञान की जानकारी के लिए उपलब्ध करवाया जाता है जिससे चिकित्सा संबंधी कई जानकारियां स्टूडेंट्स को प्राप्त होती है।

इस अवसर पर संकल्पकर्ता पुष्पा जैन के परिवार सदस्यों के साथ रोटरी अध्यक्ष तरुण सिद्धावत, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र मुणोत, डॉ. पवन ओझा,नीरा माथुर,मुकेश जोधवानी उपस्थित थे।

## वीरांगनाओं ने यज्ञ में दी आहुतियां

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर के संयुक्त तत्वावधान में पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल मुख्यालय प्रांगण में रविवार को महान समाज सुधारक एवं राष्ट्र भक्त महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर यज्ञ का आयोजन कर आर्य वीरों एवं वीरांगनाओं ने आहुतियां देकर महर्षि के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

■ वीरांगनाओं ने आहुतियां देकर महर्षि के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया

आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि इस अवसर पर महर्षि दयानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद एक क्रांतिदर्शी महापुरुष थे। उन्होंने देश में फैली हुई कुरीतियों, अंधविश्वास एवं पाखंड पर जमकर प्रहार किया। इस अवसर पर आर्य समाज लालपोल के प्रधान विनोद आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद ने नारी जाति की शिक्षा और पुरुषों के समान अधिकारों की बात बडी मजबूती से की थी। इस अवसर पर आयोजित यज्ञ के यजमान रामरत गोदारा, कूपाराम आर्य, वर्षा आर्या, राधिका थे। इस अवसर पर संचालक प्रशांत सिंह, वरिष्ठ आर्यवीर वरुण शर्मा, सागर आर्य, विजय पाल सिंह सहित आर्यवीर एवं वीरांगनाएं उपस्थित थे।

## थलवाड़ में सरस्वती माता मंदिर की प्रतिष्ठा



थलवाड़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से नवनिर्मित सरस्वती माता मंदिर की संत आनन्ददास महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। सायला के पास थलवाड़ स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से नवनिर्मित सरस्वती माता मंदिर की रविवार को सन्त आनन्ददास महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

प्रधानाचार्य जितेन्द्रसिंह ने बताया कि भामाशाह पूर्व सरपंच जबरसिंह भाटी, नारायणसिंह चंपावत व मोडाराम सुथार के सहयोग से विद्या की देवी माँ सरस्वती के मंदिर का निर्माण करवाया गया था। जिसकी रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान कर मन्दिर में मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना के बाद पूजा अर्चना कर प्रसादी का भोग लगाया गया। विद्यालय परिवार ने भामाशाहों का आभार जताते हुए कहा कि मंदिर बनने से प्रतिदिन विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा सर्वप्रथम मन्दिर में दर्शन कर अध्ययन शुरू करेंगे।

इस अवसर पर दलपतसिंह भाटी, दिलावरसिंह चंपावत, करणसिंह मेंड़तिया, शैतानसिंह चम्पावत, रामसिंह, उत्तमसिंह, लालाराम माली, जोराराम, मोहनलाल, प्रकाश सुथार, बगाराम, भीमसिंह, नेपालसिंह, ताराराम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# पोकरण में शोभायात्रा से मरू महोत्सव का आगाज

**पोकरण**, (निसं)। देश-दुनिया में विख्यात राजस्थान का मरु महोत्सव रविवार को परमाणु नगरी पोकरण में चौथी बार उल्लास से शुरू हुआ। चार दिवसीय महोत्सव का आगाज शोभायात्रा के साथ हुआ।

## मरु संस्कृति से रूबरू कराया

शोभायात्रा में लोक लहरियों की गूंज, विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं और उत्सवी रंग-रसों ने खासा समा बाँधते हुए मरु संस्कृति की विलक्षणताओं और परंपराओं से रूबरू कराया। ऐतिहासिक शहर के बीचोबीच आए हुए सालमसागर तालाब की पाल पर आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद ने झण्डी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक भंवरसिंह नाथावत, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. टी. शुभमंगला, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरि सिंह मीना, बीएसएफ के डिप्टी कमाण्डेंट अविनाश कुमार, वीरेन्द्रसिंह, सीओ रणवीरसिंह, पूर्व जिलाप्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमीन खां, उपखण्ड अधिकारी राजेश विश्नोई, पुलिस उपाधीक्षक मोटाराम, तहसीलदार बंटी राजपूत, विकास अधिकारी गौतम चौधरी, नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी तनुजा सोलंकी सहित क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, अधिकारी, कलाकार, बीएसएफ के जवान, सैलानी और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे जो बाद में शोभायात्रा में शामिल रहे।

## लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया

पोकरण में मरु महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर समूचे शहर में उत्साह पसरा रहा। रास्ते भर व्यवसायियों, विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं, परिवारों और शहरवासियों ने रंगोली-माण्डणे बनाकर तथा पुष्प वृष्टि कर शोभायात्रा का स्वागत किया और अपनी खुशी का इजहार किया।

शोभायात्रा में बैण्ड की सुमधुर धुनों और लोकवाद्यों की स्वर लहरियों पर कलाकारों के कई समूहों ने आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत कर खूब मनोरंजन करते हुए मरु भूमि और राजस्थान की लोक लहरियों का परिचय दिया। शोभायात्रा में सजे-धजे ऊँटों पर सवार बीएसएफ के जांबाजों, बीएसएफ महिला टूकडी, बालिकाओं एवं महिलाओं की मंगल कलश यात्रा और विभिन्न झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। रास्ते भर नाच-गान करते हुए कलाकारों के समूहों ने कालबेलिया, अश्व, कच्छी घोडी, गैर आदि लोक नृत्यों की धूम मचा दी। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर समारोह में परिवर्तित हो गई।

वही भरत बोहरा मिस्टर पोकरण एवं निकिता राठौड़ मिस पोकरण चयनित हुई। मिस मूमल नतीजे का प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लडकियों ने विरोध दर्ज करवाया। पोकरण एकदिवसीय मरु महोत्सव का समारोहपूर्वक भव्य आगाज रविवार को पोकरण से हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित शुभारंभ समारोह में अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उप निवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता मंत्री सालेह मोहम्मद एवं आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण व इसके सम्मुख दीप प्रज्वलन के बाद गोल्डन बैलून आसमान में उडा कर चार दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक भंवरसिंह नाथावत, पद्मश्री अनवर खां, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. टी. शुभमंगला, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरि सिंह मीना, बीएसएफ के डिप्टी कमाण्डेंट अविनाश कुमार, वीरेन्द्रसिंह, सीओ रणवीरसिंह, पूर्व जिलाप्रमुख अंजना मेघवाल, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमीन खां, उपखण्ड अधिकारी राजेश विश्नोई, पुलिस उपाधीक्षक मोटाराम, तहसीलदार बंटी राजपूत, विकास अधिकारी गौतम चौधरी, नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी तनुजा सोलंकी सहित क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, अधिकारी, कलाकार, बीएसएफ के जवान, सैलानी और काफी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

मरु महोत्सव के पहले दिन मुख्य समारोह में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति प्रिया भाटी, पूजा दाधीच, गायत्री बडगूजर, मोनिका सोलंकी, सीमांक्षी खींची, सुनिता भाटिया एवं उर्मिला ने दी। बालक बालिकाओं द्वारा दी गई लेजियम प्रस्तुति को भी सराहा गया। साथ ही रेवन्ताराम पोकरण एवं उनकी टीम द्वारा भवाई नृत्य की प्रस्तुतियों को भी दर्शकों ने सराहा।

मरु महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम में हुई मिस पोकरण प्रतियोगिता को लेकर बालिकाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में बीस बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

पारंपरिक वेश भूषा में सजी-धजी बालिकाओं का सभी ने करतल ध्वनि से उत्साहवर्धन किया। मिस पोकरण प्रतियोगिता में निकिता राठौड़ मिस पोकरण चुनी गई। मिस पोकरण को लेकर बालिकाओं का उत्साह देखते हुए बनता था। वही मिस मूमल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लडकियों द्वारा आए परिणामों को लेकर गहरा रोष जताते हुए तहसीलदार बंटी राजपूत से अपना विरोध दर्ज कराया एवं आक्रोशित भाषा में सजी-धजी बालों द्वारा मिस मूमल प्रतियोगिता में भेदभाव पूर्ण नतीजों को लेकर विरोध दर्ज कराया इन प्रतिभागियों में कन्या कॉलेज पोकरण की खुशी गौड ने भी दिव्यांग होते हुए भी प्रतियोगिता में भाग लिया। मिस्टर पोकरण में पांच प्रतिस्पर्धियों ने हिस्सा लिया।

## भरत बोहरा मिस्टर पोकरण बने

भरत बोहरा ने मिस्टर पोकरण का खिताब पाया। मिस्टर बोहरा दूसरी बार खिताब जीता है पूर्व में 2020 पोकरण मरू महोत्सव में भाग लिया था। वही मुख्य कार्यक्रम की सभी प्रतियोगिताएं आकर्षक का केन्द्र रही। जिसमें साफा बांधों प्रतियोगिता में दुर्जनसिंह भाटी विजेता रहे। रस्सा कस्सी में टीम कपिल विजेता रही। मल्लश्री का खिताब विक्रम जोशी ने अपने नाम किया तथा मटका दौड में रूकडी ने जीत हासिल की। इसके साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में तनीषा खत्री, मांडना में जसोदा एवं रंगोली प्रतियोगिता में खुशबू विजेता रही। कार्यक्रम का समापन पद्मअनवर खां एवं लंगा पार्टी के कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

## बी.एस.एफ. ने हथियारों की प्रदर्शनी लगाई

मुख्य समारोह परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसएफ द्वारा भी स्टॉल लगाई गई थी। बीएसएफ की हथियारों की प्रदर्शनी को देखने के लिए युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। बीएसएफ द्वारा देश की प्रथम पंक्ति पर सुरक्षा में लगे सैनिकों को मुहैया करवाए जाने वाले हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें 7.66 एमएम गन, असाल्ट रायफल, एक्स-95, इन्सास, एलएमजी, 84 एमएम जीआरएल, बैरिस्टा, सहित अन्य हथियारों का प्रदर्शन किया गया था। इसके साथ ही पोकरण विकास संस्थान , उरमूल, ऊँटनी के दूध, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, हस्तशिल्प आदि से संबंधित प्रदर्शनियां लगीं। वही कलेक्टर डॉ प्रतिभा सिंह ने मरू मेला उत्सव कार्यक्रम के दौरान आमजन के साथ सेल्फी लेकर दिल जीत लिया

इस मौके पर वरिष्ठ नेता वैभव गहलोत, कैबिनेट मंत्री साले मोहम्मद, जिला कलेक्टर डॉ प्रतिभा सिंह, बीएसएफ कमांडेंट रणवीर सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक एवं पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल पूर्व जिला प्रमुख अब्दुला फकीर सहित जिले के आला अधिकारी मंचासीन रहे।

## स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने दूरी बना रोष जताया

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका पालिका अध्यक्ष सहित क्षेत्र के भाजपा वार्ड पार्षदों ने भाग नहीं लिया। शहर के विकास को लेकर पूर्व में भी कई बार कैबिनेट मंत्री एवं उच्च अधिकारियों तक अपना रोष जता रहे हैं। वहीं पंचायत समिति सांकड़ा के प्रधान सहित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम से दूरी बना कर अपना रोष जताया।

# रीट धांधली के विरोध में घेराव कल

**जालोर**, (कासं)। रीट धांधली को लेकर राजस्थान भाजपा की ओर से 15 फरवरी को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की गई। भाजपा द्वारा लगातार प्रदेशभर में प्रदर्शन एवं ज्ञापन देकर रीट धांधली की सीबीआई जांच एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी की मांग की जा रहीं हैं, जिसे सरकार द्वारा नहीं मानने पर 15 फरवरी को जयपुर में विधानसभा का घेराव कर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने जानकारी दी।

■ 15 फरवरी को विधानसभा का घेराव की घोषणा

